मीडिया सेल, गृह विभाग
उत्तर प्रदेश शासन

भोपाल की घटना के बाद उत्तर प्रदेश मे
<u>साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं कानून–व्यवस्था सुनिश्चित रखने हेतु चौकसी बढ़ाई गई</u>

लखनऊ : 3 नवम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश मे साम्प्रदायिक सौहार्द्र एवं कानून–व्यवस्था सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से चौकसी बढ़ाई गई है। शासन द्वारा यह निर्णय प्रतिबन्धित संगठन सिमी के 8 सदस्यों की भोपाल में गत दिवस मुठभेड़ में हुई मृत्यु की घटना के बाद लिया गया है।

प्रमुख सचिव, गृह श्री देबाशीष पण्डा ने उक्त जानकारी देते हुए आज यहां बताया कि इस घटना पर प्रतिक्रिया एवं विरोध प्रदर्शन सम्बन्धी सम्भावनाओ को देखते हुए शासन द्वारा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिये हर प्रकार की सावधानी व सुरक्षा व्यवस्था करते हुए सतर्क दृष्टि बनाये रखने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये गये है।

श्री पण्डा नें बताया कि अफवाहे फैलाने वालों उत्तेजनात्मक प्रचार करने वालो आदि पर सतर्क दृष्टि रखने तथा सोशल मीडिया पर भी आपत्तिजनक एवं भड़काऊ सामग्री पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये गये है। सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं धार्मिक स्थलो आदि पर भी सुरक्षा के इंतजामों को कड़ा किया गया है तथा जेलों की सुरक्षा व्यवस्था भी चुस्त–दुरूस्त की गयी है।

उत्तर प्रदेश तथा नेपाल सीमा पर भी चौकसी बढ़ायी गयी है। सभी सवंदेनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानो पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था के अलावा त्वरित क्विक रियेक्शन टीमें (क्यूआरटी) भी तैनात करने के निर्देश दिये गये है। उन्होने इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की भी चेतावनी दी है।